RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 13 मार्च 2023 | वर्ष 04 | अंक 280 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
(R)
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर रोका तो शख्स ने पुलिस कॉन्सटेबल के साथ की मारपीट



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने एक ट्रैफिक पुलिस कॉन्सटेबल के साथ मारपीट और गालीगलौच की है। जवान ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने पर शख्स को रोकने की कोशिश की थी लेकिन शख्स उल्टा जवान से ही मारपीट करने लगा। ये मामला मुंबई के कुर्ला इलाके का है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल ट्रैफिक पुलिस वाले ने बाइक चालक को सिग्नल जंप करने पर सवाल पूछा तो बाइक चालक ने कॉन्स्टेबल से मारपीट और गालीगलौच शुरू कर दी। घटना 11 मार्च शाम 6 बजे की है।

## वर्षा गायकवाड़ बन सकती हैं
# मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष !

मुंबई : मुंबई महानगरपालिका चुनाव जीतने को लेकर कांग्रेस ने भी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी की आपसी गुटबाजी को रोकने, दलित और अल्पसंख्यक समाज में एक नया संदेश देने के तहत आलाकमान ने नेतृत्व परिवर्तन का मन बना लिया है। सूत्रों की माने तो पूर्व मंत्री और धारावी की विधायक वर्षा गायकवाड को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जा जानी है। बताया गया है कि एक सप्ताह के अंदर उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी। हालांकि मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप अपना पद बचाने को लेकर हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।



विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस विधायकों की क्रास वोटिंग के बाद से ही मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप को हटा कर किसी दलित नेता को यह जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन राज्य में नई सरकार के गठन होने, फिर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने और अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव आदि को देखते हुए मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष बदलने के फैसले को टाल दिया गया था।

### कुछ कांग्रेसियों ने दिल्ली में भी शिकायत थी

पिछले माह मुंबई कांग्रेस की तरफ से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों की सूची दिल्ली भेजी गयी थी। इस सूची के बाद कांग्रेस में नाराजगी एक बार सामने आयी। आरोप है कि मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष भाई जगताप ने जनाधार वाले नेताओं की बजाय अपने निजी सचिव अतुल बर्वे और करीबियों को एआईसीसी का सदस्य बना दिया। इसके खिलाफ कुछ कांग्रेसियों ने दिल्ली में भी शिकायत थी।

### एक सप्ताह में लिया जा सकता है निर्णय

### विधान परिषद के चुनाव में क्रास वोटिंग हुई

पिछले वर्ष विधान परिषद के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने चंद्रकांत हंडोरे और भाई जगताप को उम्मीदवार बनाया था। सदन में विधायकों की संख्या को देखते हुए पहले पसंद का वोट चंद्रकांत हंडोरे को देने का निर्देश दिया गया था, जबकि भाई जगताप को बाहर से वोटों का जुगाड़ करने के लिए कहा गया था, लेकिन विधान परिषद के चुनाव में क्रास वोटिंग हुई। जिसकी वजह से हंडोरे और जगताप दोनों 46 वोट का कोटा पूरा नहीं कर पाए थे। दूसरे क्रम के वोटों की गिनती में हंडोरे नहीं, बल्कि भाई जगताप को निर्वाचित घोषित किया गया था।

## मुंबई में G20 बैठक से पहले
# BMC ने कसा शिकंजा
### धूल फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई!
# बंद होंगे निर्माण कार्य!

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम ने वायु प्रदूषण से निपटने और वातावरण को साफ रखने के लिए कमर कसी है। नगर निगम आयुक्त आईएस चहल ने बीएमसी मुख्यालय में हुई बैठक के बाद घोषणा की कि एक अप्रैल से निर्माण कार्यों में धूल नियंत्रण उपाय अपनाने में लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सात सदस्यीय समिति सात दिन में बनाएगी प्लान

साथ ही नगर निगम आयुक्त आईएस चाहल ने अपर नगर आयुक्त डॉ. संजीव कुमार की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति गठित की। यह समिति धूल को नियंत्रित करने के उपाय सुझाएगी और सात दिन में योजना तैयार करेगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर बीएमसी क्षेत्र में धूल नियंत्रण के लिए अंतिम मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी और 01 अप्रैल, 2023 से इसे लागू किया जाएगा।




### उल्लंघन करने वालों के निर्माण कार्य होंगे बंद!

चाहल ने बताया कि धूल के प्राकृतिक कारण हमारे वश में नहीं हैं, लेकिन निर्माण जैसी मानवीय गतिविधियों से धूल फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और धूल नियंत्रण उपायों का उल्लंघन करने वालों के निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाएगी। वर्तमान में मुंबई में 5,000 से अधिक स्थानों पर अलग-अलग निर्माण कार्य चल रहे हैं। धूल रोकने के लिए अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं।

# मुंबई में चलते ऑटो रिक्शा पर गिरा लोहे का पाइप,
# मां-बेटी की मौत से छाया मातम !


**मुंबई :** मुंबई के जोगेश्वरी में शनिवार शाम एक निमार्णाधीन इमारत की सातवीं मंजिल से लोहे का पाइप ऑटो रिक्शा पर गिर जाने से 28 वर्षीय एक महिला और उसकी 9 वर्षीय बेटी की मौत हो गई. यह दर्दनाक हादसा वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे के पास शाम करीब 5.45 बजे हुई. मुंबई नगर निगम के एक अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि जिस निमार्णाधीन इमारत में ताजा दुर्घटना घटी है, वह झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) की परियोजना थी. उन्होंने कहा कि 14 मंजिला इमारत के मचान की सातवीं मंजिल से लोहे की छड़ गिरने से ये हादसा हुआ.

### इससे पहले वर्ली इलाके में हुआ था हादसा

**इस त्रासदी से पहले पिछले महीने वर्ली इलाके में एक सीमेंट ब्लॉक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी. यहां भी सीमेंट ब्लॉक निमार्णाधीन इमारत से गिरा था. गौरतलब है कि 14 फरवरी को मध्य मुंबई के वर्ली में निमार्णाधीन फोर सीजन प्राइवेट रेजिडेंस प्रोजेक्ट की 52वीं मंजिल से एक बड़ा सीमेंट ब्लॉक गिर गया था. इस दौरान परिसर के बाहर खड़े दो लोगों की इसकी चपेट में आने से मौत हो गई थी. इसके बाद डेवलपर की ओर से उचित देखभाल की कमी का आरोप लगाते हुए आस-पास के निवासियों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी.**


### कोर्ट ने दिया था ये फैसला

इस मामले में हाईकोर्ट ने गुरुवार को ही अपना फैसला सुनाया था. कोर्ट ने अपने आदेश में बीएमसी से गगनचुंबी इमारतों के निर्माण में क्रेन के इस्तेमाल के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा था. जस्टिस जीएस कुलकर्णी और जस्टिस आरएन लड्डा की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि यह सही समय है, जब बीएमसी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दे. इसके साथ ही कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि हम दृढ़ता से मानते हैं कि हर व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से हर उस जगह पर घूमने-फिरने का अधिकार, जो वास्तविक निर्माण स्थल नहीं हैं. कोर्ट ने कहा कि अगर किसी निर्माण की वजह से सार्वजनिक जगहों पर लोगों के लिए मरने या चोट लगने का खतरा उत्पन्न करता है, तो इसे निश्चित रूप से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा.



### मां-बेटी दोनों की मौत

**ऑटो रिक्शा में सवार 28 वर्षीय शमा बानो आसिफ शेख और उनकी 9 वर्षीय बेटी आयत आसिफ शेख 7वीं मंजिल से गिरने वाले लोहे के पाइप की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए. इस दौरान एक राहगीर ने सिविक हेल्पलाइन को सूचित करने के साथ ही उन्हें नजदीकी ट्रॉमा केयर अस्पताल ले गए. जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि बच्ची को अंधेरी के कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची मौत हो गई.**



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### इन्फ्लुएंजा की दस्तक

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में अचानक होने वाले बदलावों से जो सर्दी–गर्मी की स्थिति पैदा हो रही है, वह कई तरह के रोगों को जन्म दे रही है। इसी क्रम में देश के विभिन्न भागों में इन्फ्लएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो–तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की बड़ी आबादी को प्रतिरोध टीके लगे होने की वजह से स्थिति नियंत्रण में ही रहेगी क्योंकि अधिकांश लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। इसके बावजूद वायरस के प्रसार के चलते सावधानी बरतना व्यक्ति के हित में रहता है। यही वजह है कि सामान्य खांसी, जुकाम,बुखार के लक्षण दिखने पर साफ–सफाई, भीड़–भाड़ वाले स्थानों से बचने व मास्क के प्रयोग की सलाह भी दी जा रही है। यानी लोगों को कोरोनोचित व्यवहार को इस संक्रमण में लाभदायक बताया जा रहा है। हालांकि भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। कर्नाटक में एक व्यक्ति की मौत ने चिंता बढ़ाई है हालांकि उम्रदराज व्यक्ति पहले ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह समेत कई रोगों से पीड़ित बताया जाता है। हालांकि, ऐसी बात हरियाणा में एक व्यक्ति को लेकर कही जा रही है, लेकिन सरकारी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

वहीं दूसरी ओर चिकित्सा विशेषज्ञ इन्फ्लुएंजा के विषाणु को ज्यादा घातक नहीं मान रहे हैं लेकिन स्वच्छता के उपाय तथा खानपान की सजगता को मददगार मान रहे हैं। जिससे शरीर में इसके विषाणु प्रवेश न कर सकें तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बने। बहरहाल, लोगों में भय–असुरक्षा फैलने से रोकने के लिये समय रहते बचाव की तैयार होनी चाहिए। दरअसल, इन्फ्लुएंजा– ए वायरस के एच3एन2 सब–टाइप के लगातार बढ़ते मामलों ने इसलिये चिंता बढ़ाई है क्योंकि इसके अधिकांश लक्षण कोविड–19 जैसे हैं। जो वायु–प्रदूषण से तेजी से फैल सकता है। एक रोगी में कफ, बुखार, उल्टी, गले व शरीर में दर्द, थकान व आंतों में दर्द जैसे लक्षण दिखायी देते हैं। जबकि कम रोगप्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चों, बूढ़ों तथा बीमार लोगों को यह जल्दी गिरफ्त में लेता है। आईसीएमआर के अनुसार कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिये यह एक चुनौती है। पश्चिम बंगाल में पहले इसने बड़ी संख्या में बच्चों को निशाने पर लिया है। लेकिन यदि बुखार लंबे समय तक कम न हो और सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर की सलाह लेने से परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल 95 से कम होने पर चिकित्सीय सलाह की बात कही जा रही है। वहीं आइएमए ने एंटीबायटिक दवाओं से परहेज की बात कही है। दरअसल, आईसीएमआर ने संक्रमण रोकने के लिये वही उपाय बताए हैं जो कोरोना से बचाव के दौरान निर्धारित किये गये थे। वहीं इम्युनिटी बढ़ाने के लिये अधिक साग–सब्जी, तरल पदार्थों और पोषक तत्वों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। ज्यादा आराम व गुनगुने पानी के उपयोग की भी सलाह दी जा रही है। लेकिन चिंता तब होगी यदि वायरस म्यूटेशन करता है। उस स्थिति में दुबारा संक्रमित होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में अभिभावकों को बच्चों को लेकर ज्यादा सतर्क रहना होगा। संक्रमण की स्थिति में मधुमेह, हृदय रोग व कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को इन्फ्लुएंजा वैक्सीन की सलाह भी कुछ डॉक्टर देते हैं। बहरहाल, कोरोना संकट से मुक्त देश में इस वायरस के संक्रमण की चिंता के बीच शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समीक्षा बैठक करके एडवाइजरी जारी की है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

## लंदन टू मुंबई के बीच यात्री का हंगामा, बाथरूम में पी सिगरेट...

# फिर क्यों खोलने लगा फ्लाइट का दरवाजा

**मुंबई:** लंदन से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट यात्री के दुर्व्यवहार का एक और मामला सामने आया है। जहां आरोपी शख्स ने बाथरूम में सिगरेट पी और फिर अन्य यात्रियों के साथ गलत व्यवहार भी किया। घटना बीते 11 मार्च की बताई जा रही है। यात्री की पहचान 37 वर्षीय अमेरिकी नागरिक रमाकांत के रूप में की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट क्रू ने बताया कि रमाकांत ने फ्लाइट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। यात्री ने कहा कि वह कुछ दवा ले जा रहा था। लेकिन उसके सामान की जांच करने पर ऐसी कोई वस्तु बरामद नहीं हुई। फ्लाइट में धूम्रपान करने पर रमाकांत के खिलाफ सहार थाने में मामला दर्ज





किया गया। इसके साथ ही उसके नशे की हालत में होने या मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की पुष्टि की जांच के सैंपल भी भेजे गए थे।

बीते दिनों पहले ऐसा ही एक और मामला सामने आया था। जहां 4 मार्च को एक यात्री कोलकाता–नई दिल्ली एयर इंडिया की उड़ान के बीच शौचालय के अंदर धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था। उस मामले में शख्स ने जैसे ही शौचालय के अंदर सिगरेट जलाई तो अलार्म बजने लगा और चालक दल सतर्क हो गया। यात्री को उतरते ही दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया था।

मामले में यात्री की पहचान अनिल मीणा के रूप में हुई थी। इसी साल जनवरी में नागपुर से मुंबई जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया था। जहां यात्री को मुंबई एयरपोर्ट पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केस दर्ज कर गिरफ्तार किया था। यात्री ने उतरने से ठीक पहले फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा खोलने का कथित रूप से प्रयास किया था।इंडिगो के अधिकारियों ने मीडिया को बताया था कि 'नागपुर से मुंबई की उड़ान में यात्रा कर रहे एक यात्री ने कथित तौर पर आपातकालीन दरवाजे को खोलने की कोशिश की। उस वक्त विमान हवा में था और लैंडिंग करने जा रहा था। बोर्ड पर चालक दल ने कप्तान को सतर्क किया और यात्री चेतावनी दी गई।

# मुंबई में पोलैंड की महिला से रेप

## आरोपी ने खींची अश्लील तस्वीरें, हुआ फरार

**मुंबई:** दिल्ली में होली के दिन एक जापानी महिला के साथ कुछ लड़कों द्वारा बदतमीजी करने का मामला अभी सुर्खियों में है, इस बीच मुंबई में एक विदेशी महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने शहर के अंबोली इलाके में विदेशी नागरिक से बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश कर रही है। मुंबई पुलिस के मुताबिक पीड़िता पोलैंड की रहने वाली है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''आरोपी मनीष गांधी के खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज



किया गया है।''

मामले की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने 2016 से 2022 के बीच कई बार पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया है। उन्होंने बताया, ''पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, जो अभी फरार चल रहा है।'' अधिकारी ने कहा, पीड़िता की आपत्तिजनक तस्वीरें लेने के बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल करता था। आरोपी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें लीक करने की धमकी देकर महिला को डराता था और उसका फायदा उठाता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

## घरेलू तेल का उत्पादन बढ़ाने में सरकार नाकाम!



**मुंबई:** दुनियाभर में पाम तेल का प्रयोग खाने के तेल के रूप में होता है। हिंदुस्थान इस तेल का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। चूंकि देश में खाद्य तेल की खपत काफी ज्यादा है इसलिए इसका आयात करना पड़ता है। पीएम मोदी भले ही ह्यवोकल फॉर लोकलह्ण की वकालत करते हैं मगर यह अभियान सिर्फ दिखावा साबित हो रहा है। घरेलू तेल का उत्पादन बढ़ाने में सरकार नाकाम साबित हुई है। हर साल सरकार ५० हजार करोड़ रुपए के पाम तेल का आयात करती है। खाद्य तेल की खपत में लगभग ५० फीसदी से ज्यादा इस्तेमाल पाम तेल का किया जा रहा है। आनेवाले दिनों में पाम तेल का आयात १६ फीसदी बढ़ने की संभावना है।


## ठाणे में ईंधन पाइपलाइन में लगी आग, घटना के 48 घंटे बाद दरार की हुई मरम्मत

**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के शिल में ईंधन पाइपलाइन में आग की घटना के 48 घंटे बाद इसमें दरार की मरम्मत कर दी गयी है। एक नगर निकाय अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस आग की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन इकाई के प्रमुख अविनाश सावंत ने कहा कि मुंबई से नासिक के मनमाड़ तक जाने वाली 18 इंच व्यास की यह पाइपलाइन एक भूमिगत केबल में आग लगने एवं विस्फोट होने के बाद रिसने लगी थी,



लेकिन कम से कम छह एजेंसियों ने साथ मिलकर उस रिसाव को दूर कर दिया है।

उन्होंने कहा, ''शुरू में आग पर काबू पाया गया, उसके बाद रविवार सुबह छह बजे धुंआ को रोका गया। अब लाइन में आपूर्ति बहाल कर दी गयी है। यह बीपीसीएल की पाइपलाइन है, जिससे डीजल पहुंचाने का काम लिया जाता है।'' शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे भूमिगत विद्युत केबल में आग लग जाने तथा उसकी चपेट में टायर दुकान के आ जाने के बाद 35 साल के एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गयी थी तथा एक घायल हो गया था। जिलाधिकारी अशोक शिंगारे और ठाणे नगर निगम के आयुक्त अभिजीत बांगड़ ने संवाददाताओं से कहा था कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गयी है, ताकि इसकी पुनरावृत्ति न हो।



## भास्कर जाधव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा



**मुंबई :** भ्रष्टाचार में लिप्त हो व किसी अन्य राजनीतिक दल से जुड़े हो तो भाजपा में चले जाओ। वहां तुम्हें ईडी, सीबीआई से मुक्ति मिल जाएगी। भाजपा की ओर से जिस प्रकार से भ्रष्टाचार से जुड़े नेताओं को क्लीन चिट दी जा रही है, उसे लेकर शिवसेना नेता व विधायक भास्कर जाधव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है।

दादर में गणेश उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने शिंदे गुट के विधायक सदा सरवणकर को क्लीनचिट दी है। दादर पुलिस स्टेशन के बाहर फायरिंग सदा सरवणकर ने नहीं की है। यह पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। सरवणकर को दी गई क्लीनचिट पर भास्कर जाधव ने ईडी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। इसके पहले जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हुए थे। उनकी ईडी और सीबीआई ने जांच की। उन लोगों को भाजपा में जाने के बाद उन्हें क्लीन चिट मिलती गई।

## ठाणे और मुंबई के बीच यात्रियों के लिए अच्छी खबर, अब मात्र 65 रुपये में कर सकेंगे सफर

**ठाणे,** ठाणे और मुंबई के बीच सफर करने वालों के लिए अच्छी खबर है. ठाणे नगर परिवहन ने शहरों के बीच चलने वाली अपनी एसी बस सेवाओं के किराए की कीमतों में बड़ी कमी की घोषणा की है. नगर निगम आयुक्त और प्रशासक अभित बांगड़ ने इस संबंध में कहा कि टीएमटी बस किराए में लगभग 40-50 प्रतिशत की कमी करेगा.

अपने फैसले का बचाव करते हुए टीएमटी ने कहा कि वे इएरळ और ठटटळ के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, जो ठाणे-बोरीवली और रएएढे मार्गों पर सेवाएं प्रदान करते हैं और अपनी बसों में टिकट की कीमत का लगभग आधा शुल्क लेते हैं. इस बीच, अधिकारियों ने यह भी कहा कि वे जल्द ही डोंबिवली और पनवेल में एसी सेवाओं का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं.

### 40-50 प्रतिशत किराए में कटौती

नया किराया क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण से अनुमोदन के बाद बसों



के बेड़े में शामिल किए गए बिजली से चलने वाली एसी बसों और वोल्वो सेवाओं दोनों पर लागू होगा. संशोधित दरों के मुताबिक टीएमटी एसी बसों का न्यूनतम किराया अब पहले दो किलोमीटर के लिए 50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 20 रुपये के बजाय 10 रुपये होगा, जबकि अधिकतम किराया 105 रुपये से घटाकर 65 कर दिया गया है, जो लगभग 40 प्रतिशत की कमी है.ये संशोधित किराया इसके बाद क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

### आरटीए से मंजूरी के बाद होगा लागू

टीएमटी के परिवहन प्रबंधक भालचंद्र बेहरे ने कहा कि परिवहन समिति और प्रशासक ने किराया संशोधन को मंजूरी दे दी है और इस सप्ताह के अंत में इसे आरटीए के समक्ष पेश किया जाएगा. इसके तहत नए शामिल किए गए ई-पावर्ड मिनी-एसी बसों के लिए किराए लागू किए जाएगे. आरटीए की अनिवार्य मंजूरी मिलने के बाद इसे 30 वोल्वो बसों तक भी बढ़ाया जाएगा.

### किराया कम करने के बाद भी कमाई की संभावना

किराया कम होने से यात्रियों की मदद के साथ-साथ किराए में कटौती से औसत दैनिक यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने से उपक्रम को भी लाभ होगा. अधिकारियों ने कहा कि डीजल से चलने वाली वॉल्वो बसों की परिचालन लागत अधिक हो सकती है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यात्रियों की संख्या अधिक होने से इस अंतर की भरपाई हो जाएगी. उन्होंने कहा कि घटे हुए किराए की वजह से ऑटो और फ्लीट कैब का उपयोग करने वाले यात्रियों की एक बड़ी संख्या के आकर्षित होने की संभावना है.

## महाराष्ट्र में टल गया बड़ा हादसा, जमीन में धंसा बिल्डिंग का पिलर

**रायगढ़,** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक बड़ी घटना टल गई है। यहां महाड शहर की प्रभात कॉलोनी में बिल्डिंग का एक हिस्सा जमीन



में धंस गया। धारिया कॉम्प्लेक्स में शिवम बिल्डिंग हल्का टेढ़ा हो गया है और खतरनाक स्थिति में खड़ा है। जानकारी के मुताबिक इमारत के चार पिलर की नींव जमीन के नीचें मिट्टी में धंस गई है। बता दें कि इस बाबत खबर लगते हैं नगर पालिका द्वारा इमारत में रह रहे 18 परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं महाड नगर प्रशासन, फायर ब्रिगेड, पुलिस, आरसीसी सलाहकार मौके पर पहुंच चुके हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

बता दें कि इससे पहले नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को सेक्टर 96 के पास सड़क पर गहरी दरार पड़ गई।

ये दरार 12-15 फीट लंबी और लगभग 2 फीट चौड़ी थी। साथ ही इस कारण यहां भारी जाम भी देखने को मिला था। वहीं इससे पहले कई बार ऐसा हो चुका है जब देश के अलग अलग इलाकों में कही मकान तो कहीं जमीन ही धंस गई। इन दिनों जोशीमठ के भूधंसाव का मामला सुर्खियों में भी बना हुआ है।

## शादी के लिए महाराष्ट्र से लड़कियों का अपहरण

## अहमदाबाद में खरीद-फरोख्त, देवेंद्र फडणवीस के बयान से हड़कंप

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा में एक हैरत भरी बात सामने आई है। जिसे खुद राज्य की शिंदे-फडणवीस सरकार ने स्वीकार किया है। महाराष्ट्र सरकार ने यह माना है कि राज्य में अब भी गरीब लड़कियों की खरीद-फरोख्त होती है। राजस्थान और गुजरात के अहमदाबाद के पास स्थित गांवों में शादी के लिए एक से दो लाख रुपये में लड़कियों का सौदा होता है। विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लिखित उत्तर में कहा कि इस साल जनवरी में शादी-ब्याह के लिए लड़कियों के अपहरण के 24 मामले दर्ज किए गए। 2021 में इस तरह के मामलों में 448 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

विधान परिषद के सदस्य महादेव जानकर ने यह मामला उठाया था। इस पर देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि एनसीआरबी की 'क्राइम इन इंडिया-2021' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में 405 मामलों में 418 महिलाओं का अपहरण किया गया था, जिसमें 363 नाबालिग लड़कियां थीं। यह मामला सामने आने के बाद से सियासी हड़कंप मचा



हुआ है। 21वीं सदी जब महिलाओं की साक्षरता और सुरक्षा पर इतना ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे माहौल में इस तरह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### लड़कियां हो रहीं गायब

विधान परिषद के सदस्य विलास पोतनीस व सुनील शिंदे ने मुंबई से गायब हो रहीं लड़कियों के संबंध में सवाल पूछा। इस पर फडणवीस ने कहा कि 2022 में महिला अत्याचार के कुल 6133 मामले दर्ज किए गए। मुंबई से 1330 नाबालिग लड़कियां गायब हुईं, जिनमें 1097 तो मिल गईं, लेकिन 233 लड़कियों का अब तक पता नहीं चला है। 2022 में 18 साल से ज्यादा की 4437 महिलाएं गायब हुईं, जिनमें से 1398 का अता-पता नहीं चला।

## सीबीआई ने रिश्वतखोरी के आरोप में RPF अधिकारी को किया गिरफ्तार

### मांगे थे लाखों

रिश्वत लेने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल के एक निरीक्षक को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गिरफ्तार किया है. इन पर महाराष्ट्र के अकोला जिले से दो मामलों में गिरफ्तार एक व्यक्ति को छोड़ने के एवज में उसके बेटे से कथित रूप से एक लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है. एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी.

### सहयोगी के जरिए लेता था रिश्वत

अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की नागपुर शाखा ने शुक्रवार को आरपीएफ के निरीक्षक और उसके सहयोगी गिरफ्तार किया. गौरतलब है कि आरपीएफ के निरीक्षक अपने इसी सहयोगी के जरिए से रिश्वत ली गई थी.

### 5 लाख रुपये मांगी थी रिश्वत

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी अधिकारी ने चोरी का माल खरीदने और उसे अपनी दुकान में बेचने के मामले में नामजद शख्स से कथित रूप से पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. इस मामले में बात तीन लाख रुपये पर तय हुई. इसके बाद जब मामले की शिकायत सीबीआई से की गई तो सीबीआई अधिकारी ने आरोपी और सह-आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है.

### रेलवे में घूसखोरी के खिलाफ पहले भी हुई बड़ी कार्रवाई

गौरतलब है कि इससे पहले भी रेलवे में घूसखोरी के खिलाफ सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की थी. तब सीबीआई ने 50 लाख रुपये की घूसखोरी के एक मामले में अपर मंडल




रेल प्रबंधक (आईआरएसई-1997 बैच), ठेकेदार और हवाला संचालक के साथ कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया था. तब सीबीआई ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से लगभग 47 लाख रुपये (कैश) बरामद किए थे. सीबीआई की ओर से यह बड़ी कार्रवाई दिल्ली, नरोरा, गुवाहाटी, सिलीगुड़ी एवं अलीगढ़ समेत अलग-अलग एडीआरएम और दूसरे परिसरों में तलाशी शुरू की गई. इस मामले में गुवाहाटी के अपर मंडल रेल प्रबंधक और ठेकेदारों सहित अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया था.

## मुंबई में पति को प्रेमिका के साथ देखकर भड़की पत्नी, बीच सड़क पर गाड़ी रोक मचाया बवाल

**मुंबई:** वैसे तो पति-पत्नी के झगड़ा का मामला आए दिन खबरों में आती रहती है. लेकिन इस वायरल वीडियो में एक अलग ही मामला सामने आया है. जहां बीच सड़क पर एक पत्नी ने अपने पति के गाड़ी को रोक कर हमला कर देती है.इसके कारण ट्रैफिक काफी ज्यादा जाम हो जाता है. यह मामला मुंबई के पेडर रोड का है जहां जब बीच सड़क पर एक पत्नी ने अपने पति को प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया.देखते ही देखते मामला इतना तूल पकड़ लिया कि उस महिला ने बीच सड़क पर अपने पति का गारी रोक कर बवाल मचाने लगी. महिला ने अपने पति के कार के बोनट पर बैठ कर अपनी जूती से कार के शीशे पर मरने लगी. सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वहीं, लोग भी इस वीडियो को जमकर शेयर कर रहे हैं.

इस दौरान ट्रैफिक पर इतना बूरा असर पड़ा कि गाड़ियों की लंबी कतार खड़ी हो गई.महिला का पति जब गाड़ी से निकला तो महिला ने उस पर हमला कर दिया इसके बाद उस कार में बैठी प्रेमिका के शाथ मार पिटाइ सुरू कर दी.मामले को सुलझाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को बीच में आना पड़ा. काफी जद्दोजहद के बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया. फिर जाकर ट्रैफिक जाम हटाया गया.दोनों के बीच झगड़ा लड़ाई सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रही है.



# शिवसेना विधायक का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप, 2 गिरफ्तार



**मुंबई:** शिवसेना विधायक की वीडियो से काट-छांट कर वायरल करने के आरोप में महाराष्ट्र की दहीसर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 354, 509, 500 और 67 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने शिवसेना विधायक (शिंदे गुट) प्रकाश सुर्वे का एक महिला नेता के साथ आपत्तिजनक वीडियो एडिट कर वायरल किया था।

बता दें कि शिवसेना की एक महिला नेता और विधायक प्रकाश सुर्वे हाल ही में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की रैली में शामिल हुए थे। इसी रैली के दौरान महिला नेता और विधायक की वीडियो में काट-छांट कर अश्लील टेक्स्ट के साथ वायरल कर दिया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस पर शिवसेना के कार्यकताओं ने दहीसर पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# पूर्व मंत्री अनिल परब के करीबी सदानंद कदम ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गए

## आने वाले दिनों में दोनों पूर्व मंत्रियों अनिल परब और हसन मुश्रीफ की मुश्किलें बढ़ सकती हैं

**मुंबई:** ईडी ने एनसीपी नेता व पूर्व मंत्री हसन मुश्रीफ के कोल्हापुर में कागल स्थित निवास पर शनिवार को दूसरी बार छापा मारा है। इससे पहले 11 जनवरी को ईडी ने उनके कोल्हापुर और पुणे आवासों पर एक साथ छापे मारकर कई दस्तावेज इकट्ठे किए थे। इनकम टैक्स भी उन पर अलग से कार्रवाई कर चुकी है। मुश्रीफ महाराष्ट्र विधानसभा के सत्र में भाग लेने के लिए आजकल मुंबई में हैं। बताया जाता है



कि ईडी की टीम 10 वाहनों में सुबह सात बजे मुश्रीफ के घर पहुंची। ईडी ने पूरे परिवार से आठ घंटे तक मैराथन पूछताछ की। इस बीच उनके घर के बाहर जमा कार्यकर्ता बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। पुलिस और मुश्रीफ समर्थकों में धक्का-मुक्की भी हुई। दूसरी तरफ ईडी ने पूर्व मंत्री अनिल परब पर भी शिकंजा कसना शुरू किया है। ईडी ने सदानंद कदम को अरेस्ट किया है। कदम को अनिल परब का करीबी माना जाता है। इस बात की भी चर्चा है कि आने वाले दिनों में परब पर भी कार्रवाई हो सकती है।

इधर मुश्रीफ की तरफ से खुद पर दर्ज गुनाह रद्द करने के लिए हाई कोर्ट में याचिका पेश की गई थी। कोर्ट ने इस मामले में 24 मार्च तक किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि बीजेपी नेता किरीट सोमैया को कोर्ट के आदेशों और एफआईआर की कॉपी कैसे मिल जाती है? हाईकोर्ट ने पुणे सत्र न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया है।

### अनिल परब पर भी कसेगा ईडी का शिकंजा

**उद्धव ठाकरे गुट के नेता और पूर्व परिवहन मंत्री अनिल परब के करीबी माने जाने वाले सदानंद कदम को ईडी ने गिरफ्तार किया है। कदम की गिरफ्तारी के एक दिन बाद शनिवार को विशेष अदालत ने उन्हें 15 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के दापोली में स्थित एक रिसॉर्ट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कदम को गिरफ्तार किया गया है। कदम ने अदालत में दावा किया कि 'ईडी किसी और पर निशाना साधने के लिए सिर्फ उनके कंधे पर बंदूक रख रही है।' ईडी ने अनिल परब समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के 10 करोड़ रुपये से ज्यादा के मामले में रत्नागिरी के दापोली में स्थित साईं रिसॉर्ट को इस साल जनवरी में जब्त किया था। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला रिसॉर्ट निर्माण के दौरान सीआरजेड के प्रावधानों के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अनिल परब की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।**

# 'कार का टायर फटना ईश्वरीय कृत्य नहीं, मानवीय लापरवाही है'

## बॉम्बे HC ने खारिज की बीमा कंपनी की याचिका

**मुंबई :** कार के टायर का फटना कोई ईश्वरीय कृत्य नहीं कहा जा सकता है, यह मानवीय लापरवाही का मामला है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बीमा कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। बता दें कि हाई कोर्ट ने कार दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को मुआवजे के खिलाफ बीमा कंपनी की याचिका खारिज कर दी है।

**परिवार को मुआवजा देने का निर्देश**

न्यायमूर्ति एस जी डिगे की एकल पीठ ने 17 फरवरी के अपने आदेश में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के 2016 के फैसले के खिलाफ न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है। बता दें कि इसमें पीड़ित मकरंद पटवर्धन के परिवार को 1.25 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था।

**टायर फटने से हुआ था हादसा**

गौरतलब है कि 38 वर्षीय पटवर्धन 25 अक्टूबर 2010 को दो साथियों के साथ पुणे से मुंबई जा



रहा था। तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण कार का पिछला पहिया फट गया और कार गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में पटवर्धन की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा था कि पीड़ित अपने परिवार में कमाने वाला एकमात्र सदस्य था।

**टायर के फटने को ईश्वर का कार्य नहीं कहा जा सकता**

बीमा कंपनी ने अपनी अपील में कहा कि मुआवजे की राशि काफी बड़ी है और टायर फटना ईश्वर का कार्य था न कि चालक की ओर से लापरवाही। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बीमा कंपनी की इस अपील को खारिज कर दिया और कहा कि ईश्वरीय कृत्य एक अप्रत्याशित प्राकृतिक घटना को संदर्भित करता है जिसके लिए कोई भी मानव जिम्मेदार नहीं है। कोर्ट ने आगे कहा कि टायर के फटने को ईश्वर का कार्य नहीं कहा जा सकता है। यह मानवीय लापरवाही का कार्य है।

### टायर फटने के कई कारण

**हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि टायर फटने के कई कारण हैं जैसे तेज रफ्तार, कम हवा, जरूरत से ज्यादा हवा या सेकेंड हैंड टायर और तापमान। वाहन के चालक या मालिक को यात्रा से पहले टायर की स्थिति की जांच करनी चाहिए थी। टायर फटने को प्राकृतिक कृत्य नहीं कहा जा सकता। यह मानवीय लापरवाही है। हाई कोर्ट ने कहा कि केवल टायर फटना कहना ईश्वर का कार्य है, यह बीमा कंपनी को मुआवजा देने से बरी करने का आधार नहीं हो सकता है।**

# मुंबई का हवाईअड्डा बना 'वसूली अड्डा', बैक टू बैक आ रहे G-Pay एक्सटॉर्शन केस, CBI भी हैरान

**मुंबई :** मुंबई एयरपोर्ट पर एक्सटॉर्शन का ऐसा सिंडिकेट सामने आया है जिसे जानकर हर कोई हैरान है। खबर है कि मुंबई इंटरनेशन एयरपोर्ट पर कस्टम के कुछ अधिकारी G-Pay के जरिए एक्सटॉर्शन का सिंडिकेट चला रहे हैं। हैरानी की बात तो ये है कि ऐसे 5 मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने बैक टू बैक 3 और इसी तरह के मामले दर्ज किए हैं। G-Pay एक्सटॉर्शन कांड में हाल ही में एयरपोर्ट पर 38 अधिकारियों के तबादले भी किए गए लेकिन महज हफ्ते भर में तीन और G-Pay एक्सटॉर्शन मामलों ने साफ कर दिया है कि मुंबई एयरपोर्ट इस वक्त कस्टम ऑफिसरों के एक्सटॉर्शन का अड्डा बना हुआ है।

**पहला मामला–** सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक पीड़ित पैसेंजर दुबई से वापस लौटा और करप्ट एयर कस्टम सुप्रीटेंडेट आलोक कुमार ने उसे डिटेन किया। पीड़ित के मुताबिक उसके पास गोल्ड ज्वेलरी थी। ये गोल्ड ज्वेलरी उसने दुबई जाते वक्त डिक्लेयर की थी और अपनी बहन को गिफ्ट देने के लिए




ले गया था, लेकिन जब बहन ने उसके इस गिफ्ट को लेने से मना किया तो वापस वो गोल्ड ज्वेलरी लेकर मुंबई लौटा था। कस्टम ऑफिसर आलोक कुमार ने उसकी दलील मानने से मना करते हुए उसके पासपोर्ट को जप्त कर लिया और उसे 1 लाख 20 हजार रुपए कस्टम ड्यूटी भरने के नाम पर एक्सटोर्शन किया। इसके बाद एक एयरपोर्ट लोडर के जरिए उसके घरवालों से मंगाए गए 90 हजार रुपए कैश लोडर के जरिए एयरपोर्ट के बाहर वसूले और 30 हजार रुपए एक दूसरे लोडर के G-Pay अकाउंट में डलवाकर वसूले गए। बाद में पीड़ित ने जब कस्टम ड्यूटी की रसीद मांगी तब उसे डराकर समझाया गया कि वसूली गई रकम पीड़ित के प्रोटेक्शन मनी के तौर पर वसूले गए हैं। सीबीआई ने इस मामले में कस्टम ऑफिसर आलोक कुमार, कैश वसूलने वाले लोडर राजेश पितले और G-Pay से पैसे वसूलने वाले लोडर रोहित गायकवाड़ को आरोपी बनाया है।

**दूसरा मामला–** सीबीआई ने जो दूसरा मामला दर्ज किया है वो पीड़ित पैसेजर बैंकॉक से लौटा था। यात्री अपने साथ नए जूते, घड़ियां और गोल्ड ऑनेमेंट लाया था। एक बार फिर करप्ट कस्टम सुप्रीटेंडेंट आलोक कुमार का नाम सामने आया जब उन्होंने उस पैसेंजर को डिटेन किया और 60 हजार की कस्टम ड्यूटी मांगी और लंबे नेगोशिएंशन के बाद 10,500 रुपए की डील फाइनल करते हुए पहले मामले के आरोपी एयरपोर्ट लोडर रोहित गायकवाड़ के एकाउंट में ट्रांसफर करवाया।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com